प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 07.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से महाराष्ट्र के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। वे वहां विभिन्न विकास कार्य राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे 19 हजार 650 करोड़ रुपये की लागत से बने नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। यह हवाई अड्डा देश की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजना है। इसके साथ ही 9 अक्टूबर को, श्री मोदी मुंबई में यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की मेज़बानी करेंगे। दोनो नेता 'विज़न 2035' के विविध पहलुओं में भारत–यूके व्यापक रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री कल दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य दूरसंचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में सिक्स–जी, साइबर सुरक्षा और उपग्रह संचार पर खासतौर से चर्चा होगी। सम्मेलन में सात हज़ार से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल होंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रैपिड एक्शन फोर्स के स्थापना दिवस पर कार्मिको को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने रैपिड एक्शन फोर्स को देश की आंतरिक सुरक्षा का स्तंभ बताया है। उन्होंने कहा कि इस बल ने अदम्य साहस और बलिदान के साथ स्वर्णिम मानक स्थापित किए हैं।

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव को लेकर आज राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से जयपुर में प्रेस कांफ्रेंस रखी गई है। ये प्रेस कांफ्रेंस शासन सचिवालय में दोपहर बाद आयोजित की जायेगी। गौरतलब है कि अंता विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को उप चुनाव होगा। इसके लिए चुनाव आयोग ने कार्यक्रम घोषित कर दिया है। उपचुनाव के लिए 13 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जायेगी। उम्मीदवार 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भर सकेंगे और मतगणना 14 नवंबर को होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के पवित्र और आदर्श विचारों का प्राचीन काल से ही भारतीय समाज और परिवारों पर गहरा प्रभाव रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी प्रदेशवासियों को महाकाव्य रामायण के रचयिता आदि कवि वाल्मीकि जयंती पर शुभकामनाएं दी है। वाल्मीकि जयंती के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हो रहे है। जैसलमेर में आज वाल्मिकी समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। वहीं पाली में भी विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर गरज के साथ के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं सीकर,जयपुर,अजमेर,सवाई माधोपुर,चुरू और बीकानेर जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार नागौर जिले में बहुत भारी बारिश रिकॉर्ड हुई। सबसे ज्यादा 13 सेंटीमीटर पानी कुचामन सिटी में बरसा। सीकर के श्रीमाधोपुर में 11, जयपुर के शाहपुरा में 9 तथा विराटनगर और सांभर में 8–8 सेंटीमीटर बारिश हुई। इसके साथ ही धौलपुर, झुंझुनूं, अलवर, करौली, बीकानेर में कई स्थानों पर 5–5 सेंटीमीटर तक बरसात दर्ज की गई। बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सैल्सियस के आस–पास रिकॉर्ड हुआ। सिरोही में पारा गिरकर 17 डिग्री सैल्सियस पर पंहुच गया। अधिकतम तापमान में भी कमी आई है। विभाग ने आज से ही बारिश की गतिविधियों में कमी की संभावना व्यक्त की है। हालांकि, आज भी शेखावाटी क्षेत्र के साथ–साथ जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में बारिश का यलो अलर्ट है। कल से अगले एक सप्ताह तक अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहेगा।

भरतपुर में चल रही जसवंत प्रदर्शनी और पशु मेला दस दिन और बढाया गया है। मेले में आने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने इसकी घोषणा की। अब ये मेला 16 अक्टूबर तक चलेगा। जिला कलेक्टर ने बताया कि मेले में अब तक राजस्व के रूप में 78 लाख रूपये प्राप्त हुए है।

राजधानी जयपुर में आज से लोकरंग महोत्सव शुरू हो रहा है। जवाहर कला केन्द्र में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में 11 दिन तक विभिन्न प्रदेशों के ढाई हजार से ज्यादा लोककलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इनमें महाराष्ट, पंजाब, उत्तरप्रदेश मध्यप्रदेश असम त्रिपुरा उत्तराखण्ड और हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों के लोककलाकार शामिल है। ये महोत्सव 17 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला भी लगाया गया है।